**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**Answer Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D – 2005**

**PAPER – II**

# HINDI

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   - (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   - (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬬ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   - (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   - (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   - (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬬ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# HINDI

# हिन्दी

## PAPER – II

## प्रश्न-पत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** अपभ्रंश शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?

(A) भरत

(B) पतंजलि

(C) राजशेखर

(D) भामह

**2.** 'चौरासी वैष्णवन की वार्त्ता' किस की रचना है ?

(A) गोस्वामी तुलसीदास

(B) नन्ददास

(C) नाभादास

(D) गोस्वामी गोकुलनाथ

**3.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया है ?

(A) 343

(B) 434

(C) 334

(D) 445

**4.** 'आल्हा' किस ऋतु में गाया जाता है ?

(A) ग्रीष्म ऋतु

(B) शरद् ऋतु

(C) वर्षा ऋतु

(D) वसन्त ऋतु

5. बीसल देव रासो के रचयिता हैं :

(A) जगनिक

(B) नरपति नाल्ह

(C) चन्द बरदायी

(D) शार्ङ्गधर

6. 'एंदुई ऐं ऐन्दुस्तानी' की रचना की :

(A) कीथ

(B) ग्रियर्सन

(C) गार्सां द तासी

(D) गिल क्राइस्ट

7. मुंडा भाषा परिवार का क्षेत्र कौन सा है?

(A) राजस्थान

(B) मध्य प्रदेश

(C) तमिलनाडु

(D) छोटा नागपुर

8. इन में से कौन सा कवि अष्टछाप का नहीं है?

(A) सूरदास

(B) कुम्भनदास

(C) नन्ददास

(D) रैदास

9. 'अनुराग बाँसुरी' किस की रचना है?

(A) रहीम

(B) रसखान

(C) नूर मुहम्मद

(D) छीत स्वामी

10. 'नैन नचाय कही मुसुकाय, लला फिर आइयो खेलन होरी' - ये काव्य-पंक्ति किस कवि की है?

(A) पद्माकर

(B) मतिराम

(C) घनानन्द

(D) देव

11. 'सखि वे मुझ से कह कर जाते' - किस कवि की काव्य-पंक्ति है?

(A) सियाराम शरण गुप्त

(B) मैथिली शरण गुप्त

(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(D) जगदीश गुप्त

12. 'शिवशम्भु के चिट्ठे' के लेखक कौन हैं?

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) श्रीनिवास दास

(D) बालमुकुन्द गुप्त

13. देश-विभाजन को लेकर लिखा गया उपन्यास है :

(A) अमृत और विष

(B) झूठा सच

(C) अपने अपने अजनबी

(D) अन्तराल

14. धातुसेन प्रसाद के किस नाटक का पात्र है?

(A) राज्यश्री

(B) चन्द्रगुप्त

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) स्कन्दगुप्त

15. निम्नलिखित रचनाओं में से कौन-सा यात्रा वृत्त है?

(A) चीड़ों पर चाँदनी

(B) भूले बिसरे चित्र

(C) अपनी ख़बर

(D) पथ के साथी

16. 'नया ज्ञानोदय' पत्रिका के सम्पादक कौन हैं?

(A) मृणाल पाण्डेय

(B) रवीन्द्र कालिया

(C) प्रभाकर श्रोत्रिय

(D) ज्ञान रंजन

17. 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' का मुख्यालय कहाँ है?

(A) बैंगलोर

(B) चैन्नई

(C) हैदराबाद

(D) एर्नाकुलम्

18. व्यंजना शक्ति का कार्य क्या है?

(A) मूल अर्थ को व्यक्त करना

(B) प्रयोजन को व्यक्त करना

(C) मुख्यार्थ की व्याख्या करना

(D) मुख्यार्थ में छिपे अकथित अर्थ को व्यक्त करना

19. 'विखंडनवाद' के प्रवर्तक कौन हैं?

(A) देरिदा

(B) लीविस

(C) फूकोयामा

(D) ग्राम्शी

20. काव्य में निर्वैयक्तिकता के सिद्धान्त की स्थापना किसने की ?

(A) कॉलरिज

(B) मैथ्यू आर्नाल्ड

(C) टी.एस. इलियट

(D) आई.ए. रिचर्ड्स

***निर्देश :*** ***प्रश्न संख्या 21 से 25 तक दी गई स्थापनाओं (Assertions) और तर्कों (Reasons) को ध्यान पूर्वक पढ़ें और बहु-विकल्पीय उत्तरों में से सही उत्तर का चयन करें।***

21. **(A) - स्थापना :** भक्ति कालीन हिन्दी कविता लोकमंगल के प्रति समर्पित है।

**(R) - तर्क :** लोकहित भक्ति काव्य का मुख्य उद्देश्य है।

(A) **(A)** सही और **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** गलत और **(R)** सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

22. **(A) - स्थापना :** वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान।
उमड़कर आँखों से चुपचाप, बही होगी कविता अनजान।।

**(R) - तर्क :** कविता की मूल प्रेरणा वेदना है।

(A) **(A)** सही और **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत और **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

23. **(A) - स्थापना** : भारतेन्दु युगीन हिन्दी कविता राष्ट्रीय चेतना से अनुप्राणित है।

**(R) - तर्क** : सभी कवि राष्ट्रीय आन्दोलन में सक्रिय थे।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(R)** सही **(A)** गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

24. **(A) - स्थापना** : हिन्दी के सभी नये कवि अस्तित्ववादी हैं।

**(R) - तर्क** : हिन्दी की नई कविता में एक ही भावधारा उपलब्ध है।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** सही **(R)** गलत

25. **(A) - स्थापना** : नारी चेतना की प्रामाणिक अभिव्यक्ति स्त्री लेखिकाएं ही कर सकती हैं।

**(R) - तर्क** : स्त्री सम्बन्धी सर्जनात्मक लेखन और स्त्री-विमर्श दोनों अलग हैं।

(A) **(A)** सही और **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** गलत और **(R)** सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

26. कालक्रम की दृष्टि से सही अनुक्रम क्या है?

(A) ब्राह्मण, बंगदूत, हिन्दी प्रदीप, हंस

(B) हिन्दी प्रदीप, हंस, बंगदूत, ब्राह्मण

(C) बंगदूत, हिन्दी प्रदीप, ब्राह्मण, हंस

(D) हंस, हिन्दी प्रदीप, बंगदूत, ब्राह्मण

**27.** निम्नलिखित उपन्यासों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम क्या है?

(A) सूरज का सातवां घोड़ा, शेखर एक जीवनी, कंकाल, परीक्षा गुरु

(B) कंकाल, परीक्षा गुरु, शेखर एक जीवनी, सूरज का सातवां घोड़ा

(C) परीक्षा गुरु, कंकाल, सूरज का सातवां घोड़ा, शेखर एक जीवनी

(D) परीक्षा गुरु, कंकाल, शेखर एक जीवनी, सूरज का सातवां घोड़ा

**28.** हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखकों का कालक्रमानुसार सही क्रम क्या है?

(A) रामचन्द्र शुक्ल, मिश्रबन्धु, गार्सां द तासी, शिवसिंह सेंगर

(B) शिवसिंह सेंगर, गार्सां द तासी, मिश्रबन्धु, रामचन्द्र शुक्ल

(C) शिवसिंह सेंगर, गार्सां द तासी, रामचन्द्र शुक्ल, मिश्रबन्धु

(D) गार्सां द तासी, शिवसिंह सेंगर, मिश्रबन्धु, राम चन्द्र शुक्ल

**29.** कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) आषाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे अधूरे, पैर तले की जमीन

(B) आषाढ़ का एक दिन, आधे अधूरे, पैर तले की जमीन, लहरों के राजहंस

(C) आधे अधूरे, लहरों के राजहंस, पैर तले की जमीन, आषाढ़ का एक दिन

(D) पैर तले की जमीन, आषाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे अधूरे

**30.** कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) पूस की रात, पत्नी, बुद्धू का कांटा, परिन्दे

(B) बुद्धू का कांटा, पूस की रात, पत्नी, परिन्दे

(C) पत्नी, बुद्धू का कांटा, पूस की रात, परिन्दे

(D) पूस की रात, परिन्दे, बुद्धू का कांटा, पत्नी

31. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित आत्मकथाओं का सही अनुक्रम क्या है?

(A) अपनी ख़बर, आज के अतीत, क्या भूलूँ : क्या याद करूँ, अर्द्धकथा

(B) अर्द्धकथा, अपनी ख़बर, आज के अतीत, क्या भूलूँ : क्या याद करूँ

(C) आज के अतीत, अपनी ख़बर, क्या भूलूँ : क्या याद करूँ, अर्द्धकथा

(D) अपनी ख़बर, क्या भूलूँ : क्या याद करूँ, अर्द्धकथा, आज के अतीत

32. निम्नलिखित काव्य कृतियों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) साकेत, कामायनी, लोकायतन, प्रियप्रवास

(B) प्रियप्रवास, साकेत, कामायनी, लोकायतन

(C) प्रियप्रवास, कामायनी, साकेत, लोकायतन

(D) कामायनी, साकेत, लोकायतन, प्रियप्रवास

33. निम्नलिखित काव्य-प्रवृत्तियों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) आलंकारिकता, इतिवृत्तात्मकता, क्षणवाद, शोषण का विरोध

(B) इतिवृत्तात्मकता, शोषण का विरोध, आलंकारिकता, क्षणवाद

(C) आलंकारिकता, इतिवृत्तात्मकता, शोषण का विरोध, क्षणवाद

(D) आलंकारिकता, क्षणवाद, शोषण का विरोध, इतिवृत्तात्मकता

34. 'आलोचना' पत्रिका के सम्पादकों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) धर्मवीर भारती, शिवदान सिंह चौहान, नन्द दुलारे वाजपेयी, नामवर सिंह

(B) नन्द दुलारे वाजपेयी, शिवदान सिंह चौहान, धर्मवीर भारती, नामवर सिंह

(C) शिवदान सिंह चौहान, धर्मवीर भारती, नन्द दुलारे वाजपेयी, नामवर सिंह

(D) शिवदान सिंह चौहान, नन्द दुलारे वाजपेयी, धर्मवीर भारती, नामवर सिंह

35. इनमें से कौन सा अनुक्रम संगत है?

(A) जयशंकर प्रसाद, स्कन्द गुप्त, धातुसेन, प्रसादान्त

(B) जयशंकर प्रसाद, चन्द्र गुप्त, प्रपंचबुद्धि, दुखान्त

(C) जयशंकर प्रसाद, राज्यश्री, कोमा, दुखान्त

(D) जयशंकर प्रसाद, ध्रुवस्वामिनी चाणक्य, सुखान्त

36. कौन सा युग्म संगत है?

(A) साहित्य लहरी – पद्माकर

(B) लोकायतन – निराला

(C) एक कंठ विषपायी – नागार्जुन

(D) वैराग्य संदीपनी – तुलसीदास

37. इन सिद्धान्तों को उनके आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उत्पत्तिवाद | (i) | अभिनव गुप्त |
| (b) | अनुमितिवाद | (ii) | भट्टनायक |
| (c) | अभिव्यक्तिवाद | (iii) | भट्टलोल्लट |
| (d) | भुक्तिवाद | (iv) | विश्वनाथ |
| | | (v) | शंकुक |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (v) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (v) |

**38.** इन रचनाओं को उन के रचयिताओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | खुमान रासो | (i) | चन्द बरदाई |
| (b) | परमाल रासो | (ii) | अब्दुर्रहमान |
| (c) | बीसलदेव रासो | (iii) | दलपत विजय |
| (d) | पृथ्वीराज रासो | (iv) | नरपति नाल्ह |
| | | (v) | जगनिक |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

**39.** सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | राज्यश्री | (i) | प्रभाकर श्रोत्रिय |
| (b) | यमगाथा | (ii) | लक्ष्मी नारायण लाल |
| (c) | राम की लड़ाई | (iii) | जयशंकर प्रसाद |
| (d) | साँच कहूँ तो | (iv) | स्वदेश दीपक |
| | | (v) | दूधनाथ सिंह |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |

**40.** सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | बसो मोरे नैनन में नंदलाल | (i) | नानक देव |
| (b) | प्रभुजी मोरे अवगुन चित्त न धरो | (ii) | कबीर |
| (c) | अब लौ नसानी अब न नसै हों | (iii) | सूरदास |
| (d) | अव्वल अल्लह नूर उपाया कुदरत के सब बन्दे | (iv) | तुलसीदास |
| | | (v) | मीराबाई |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

41. सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | स्वर ध्वनियाँ | (i) | क, ख, ग, घ, ङ |
| (b) | तालव्य ध्वनियाँ | (ii) | ख, थ, फ, भ |
| (c) | अल्पप्राण ध्वनियाँ | (iii) | क, त, प, ट |
| (d) | घोष ध्वनियाँ | (iv) | अं, अः, ऐ, ओ |
| | | (v) | च, छ, ज, झ |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (B) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (v) | (iii) | (ii) |

42. सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | क्रोचे | (i) | अभिव्यंजनावाद |
| (b) | आई.ए. रिचर्ड्स | (ii) | कल्पना |
| (c) | कॉलरिज | (iii) | निर्वैयक्तिकता का सिद्धान्त |
| (d) | इलियट | (iv) | सम्प्रेषण सिद्धान्त |
| | | (v) | उदात्त तत्व |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

43. इनमें से कौन सा उद्धरण रचना और रचनाकार के सम्बन्ध से संगत हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 'संत हृदय नवनीत समाना' | (i) | रसलीन |
| (b) | 'काहे री नलिनी तू कुम्हिलानी | (ii) | बिहारी |
| (c) | 'अमिय हलाहल मद भरे' | (iii) | तुलसीदास |
| (d) | 'मेरी भवबाधा हरो' | (iv) | कबीर |
| | | (v) | सूरदास |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (C) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (v) | (iii) |

44. इन बोलियों को उनके बोली क्षेत्र से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ब्रजभाषा | (i) | छपरा |
| (b) | भोजपुरी | (ii) | सुल्तानपुर |
| (c) | मैथिली | (iii) | बरेली |
| (d) | अवधी | (iv) | अलीगढ़ |
| | | (v) | दरभंगा |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (B) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (D) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |

45. इन आचार्यों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | चिंतामणि | (i) | नखशिख वर्णन |
| (b) | मतिराम | (ii) | काव्य निर्णय |
| (c) | केशव | (iii) | कविकुलकल्पद्रुम |
| (d) | भिखारीदास | (iv) | काव्य कल्पद्रुम |
| | | (v) | ललित ललाम |

| **कूट :** | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |

*निर्देश :* ***निम्नलिखित गद्य अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे सम्बन्धित प्रश्नों ( प्रश्न संख्या 46 से 50 तक ) के उत्तरों के दिए गए बहु-विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें।***

कविता विश्व का अन्तरतम संगीत है, उसके आनन्द का रोमहास है, उसमें हमारी सूक्ष्मतम दृष्टि का मर्म प्रकाश है। जिस प्रकार कविता में भावों का अन्तरस्थ हृत्स्पन्दन अधिक गंभीर, परिस्फुट तथा परिपक्व रहता है उसी प्रकार छन्दबद्ध भाषा में भी राग का प्रभाव, उसकी शक्ति, अधिक जाग्रत, प्रबल तथा परिपूर्ण रहती है। राग-ध्वनि लोक की कल्पना है। जो कार्य भाव जगत में कल्पना करती, वह कार्य शब्द जगत में राग; दोनों अभिन्न हैं। यदि किसी भाषा के छन्दों में, भारती के प्राणों में शक्ति तथा स्फूर्ति संचार करने वाले उसके संगीत को अपनी उन्मुक्त झंकारों के पंखों में उड़ने के लिए प्रशस्त क्षेत्र तथा विशदाकाश न मिलता हो, वह पिंजरबद्ध कीर की तरह, छन्द के अस्वाभाविक बन्धनों से कुण्ठित हो, उड़ने की चेष्टा में छटपटाकर गिर पड़ता हो; तो उस भाषा में छन्दबद्ध काव्य का प्रयोजन ही क्या? प्रत्येक भाषा के छन्द उसके उच्चारण संगीत के अनुकूल होने चाहिएँ। जिस प्रकार पतंग डोर के लघु-गुरु संकेतों की सहायता से और भी ऊँची ऊँची उड़ती जाती है, उसी प्रकार कविता का राग भी छन्द के इंगितों से दृप्त तथा प्रभावित होकर अपनी ही उन्मुक्ति में अनंत की ओर अग्रसर होता जाता है। हमारे साधारण वार्तालाप में भाषा संगीत को जो यथेष्ट क्षेत्र नहीं प्राप्त होता, उसी की पूर्ति के लिए काव्य में छन्दों का प्रादुर्भाव हुआ है। कविता में भावों के प्रगाढ़ संगीत के साथ भाषा का संगीत भी पूर्ण परिस्फुट होना चाहिए तभी दोनों में सन्तुलन रह सकता है।

46. कविता का राग छन्द से दृप्त होता है।

(A) यह कथन भ्रामक है

(B) यह कथन गलत है

(C) यह कथन सही है

(D) यह कथन अस्पष्ट है

**47.** कविता में छन्दों का अस्वाभाविक बंधन।

(A) उचित है

(B) उसका निषेध करना चाहिए

(C) अनुचित है

(D) उससे बचना चाहिए

**48.** राग और कल्पना में क्या सम्बन्ध है?

(A) परस्पर अभिन्न हैं

(B) परस्पर पूरक हैं

(C) परस्पर विपरीत हैं

(D) परस्पर समानार्थी हैं

**49.** छन्द के इंगित से कविता का राग

(A) बाधित होता है

(B) कुंठित होता है

(C) स्पष्ट होता है

(D) अनन्त की ओर अग्रसर होता है

**50.** भाषा का संगीत किस का उपकारक है?

(A) कल्पना का

(B) भावों के संगीत का

(C) छंद का

(D) सूक्ष्म दृष्टि का

**Space For Rough Work**